लोगों को राममंदिर से जोड़ेगा एयरपोर्ट 60 लाख यात्री प्रति वर्ष आएंगे : मोदी

प्रधानमंत्री ने अयोध्या में नवनिर्मित एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का किया उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या में अभी 10 लाख यात्री प्रतिवर्ष आएंगे। लेकिन जब एयरपोर्ट पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा तो यहां प्रतिवर्ष 60 लाख यात्री आएंगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर अभी 10-15 हजार यात्री प्रतिदिन आते हैं, स्टेशन का पूरा विकास होने के बाद प्रतिदिन 60 हजार यात्री आएंगे।

प्रधानमंत्री अयोध्या में नवनिर्मित एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामपथ, भक्तिपथ सहित अन्य पथों का निर्माण किया गया है। वहीं सरयू नदी की निर्मलता के लिए गंदे पानी की आवक रोकने का काम शुरू किया है। राम की पैड़ी को नया स्वरूप दिया जा रहा है। सरयू पर नए नए घाट का निर्माण किया, प्राचीन कुंड का उद्धार किया जा रहा है। लता मंगेशकर चौक हो या रामकथा पार्क , अयोध्या की पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई टाउनशिप यहां के लोगों का जीवन आसान बनाएगी।

अयोध्या में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते पीएम मोदी। -एजेंसी

भारत की मिट्टी के कण-कण का पुजारी हूं

पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। अयोध्या के लोगों में भी यह उत्साह और उमंग बहुत स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि मैं भारत की मिट्टी के कण कण और भारत के जन जन का पुजारी हूं। इसलिए मैं भी उतना ही उत्सुक हूं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

अयोध्या आध्यात्मिक नक्षत्र के रूप में उभरी : सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत आर्थिक और अयोध्या आध्यात्मिक नक्षत्र के रूप में उभर रही है। आज का दिन ऐतिहासिक है, हजारों साल से जिसका इंतजार था वह समय भी करीब है। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। इसी तारतम्य में अयोध्या को विश्व मानचित्र पर लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 500 करोड़ की लागत से निर्मित एयरपोर्ट पर प्रभु श्रीराम की जीवन शैली को अंकित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल लाइन का सौ फीसदी विद्युतीकरण हो गया है। पीएम प्रभु श्रीराम से जुड़े कार्यों को पूरी गति से आगे बढ़वा रहे हैं। उनके दृढ़ संकल्प से यहां विकास का अनूठा संगम दिख रहा है। अमृत भारत के माध्यम से राम की नगरी सीता की नगरी से भी आज जुड़ गई।

यात्राओं का महत्व बताया

मोदी ने कहा, प्राचीन काल से ही यात्राओं का महत्व रहा है। बद्रीविशाल से सेतुबंध रामेश्वरम की यात्रा, द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा, शक्तिपीठ यात्रा सहित देश के कोने कोने में यात्राएं निकलती हैं। भगवान राम के छोटे भाइयों के नाम पर केरल में यात्रा निकलती है। उन्होंने कहा कि पंचकोसी, चौरासी कोसी और गोवर्धन परिक्रमा का भी बड़ा महत्व है।